
# बुरहानपुर









## एक नजर में

### विधानसभा में बुनकरों के नियमो में त्रुटि का मुद्दा गुंजा



**मंत्री चेतन्य कुमार कश्यप ने बताया कि त्रुटी में सुधार कर लिया गया।**

**बुरहानपुर।** नेपानगर विधायक ने मंगलवार को विधानसभा में मध्यप्रदेश पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मर्यादित के नियमों में हुई त्रुटि को लेकर तारांकित प्रश्न के माध्यम से सदन में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री चेतन्य कुमार कश्यप के समक्ष बात रखी, जिस पर मंत्री द्वारा बताया गया कि इसमें सुधार कर लिया गया है।

**हाथकरधा कपडा पावरलूम पर नहीं है:**- विधायक ने बताया कि म.प्र. भंडार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022 के परिशिष्ट अ के बिंदु क्र.14 में संत रविदास म.प्र.हस्तशिल्प एवं हाथकरधा विकास निगम में महिला कर्मचारियों की वर्दी. साडी, ब्लाउज, पेटीकोट एवं सलवार सूट का कपडे का तो वही म.प्र. राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मर्यादित बुरहानपुर म.प्र. में हाथकरधा कपडे का उल्लेख किया गया है। जबकि हाथकरधा कपडा पावरलूम पर नहीं है। इस त्रूटि के लिए कौन जिम्मेदार है। इसका जवाब देते हुए मंत्री द्वारा सदन में बताया गया कि उक्त त्रुटि को सुधार लिया गया है एवं नए आइटम जोड़ने के लिए भंडार क्रय नियम के लिए प्रस्ताव तैयार करके इसको जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। पावरलूम और बुनकरों के कार्य मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में बहुत प्राथमिकता पर लिए जाते हैं क्योंकि यह रोजगारपरक कार्य है।निश्चित रूप से हम बहुत जल्द ही नियमों में बदलाव हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

**सामग्री सूची में शामिल नही किया:**- विधायक ने कहा कि उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक 168 दिनांक 02/12/2024 से भंडार क्रय नियम के परिशिष्ट अ में पावरलूम वस्त्रों की सूची में चादर, बेडस्प्रेड, टेबल क्लॉथ, डस्टर, बस्ता क्लॉथ, पर्दा क्लॉथ, मच्छरदानी/मच्छरदानी का कपड़ा, गॉज एवं बेंडेज के कपड़ों का नाम जुड़वाने का प्रस्ताव सहमित के साथ दिया गया है किन्तु अभी तक ये सामग्री सूची में शामिल नहीं हुई है।इस पर मंत्री ने कहा है कि हम ये समस्त सामग्री जल्द ही सूची में शामिल कर लेंगे विधायक दादू ने अपने प्रश्न के प्रति उत्तर में तत्काल की गई कार्यवाही के लिए मध्य प्रदेश सरकार एवं मंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

### नगर परिषद शाहपुर में रंगोली बनाकर दी हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी



**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर जिला बुरहानपुर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान 2 से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। इसका उद्देश्य घरों पर तिरंगा फहराना, देशभक्ति जगाना, स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। मध्य प्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता :- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान को पूरे उत्साह के साथ लागू किया जा रहा है। यह अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देगा बल्कि स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को भी जोड़ेगा। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ.साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देगा। इस उद्देश्य नगर परिषद प्रांगन में महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली बनाकर जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं समस्त कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में शाम के समय की जा रही है सतत फुट पेट्रोलिंग



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री आशुतोष बागरी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकअंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 05/08/2025 को थानाध्चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के रहा है जागरूक। बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने समीक्षा कर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश



**बुरहानपुर।** राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर करना तय करेंए यह निर्देश कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने तहसीलवार नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य आरसी एमएस प्रकरणों की गहनता से समीक्षा की। विदित है कि मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आरओ बैठक आयोजित रही। बैठक में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनियों की जांच की जाए, नियमानुसार कार्यवाही करें। वही इस बात पर विशेष जोर दे कि जिले में अवैध कॉलोनी ना बने। वही अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर संयुक्त रूप से कार्यवाही हेतु निर्देशित भी किया। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री, आरओआर लिंकिंग, वन ग्राम से राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन, समाधान विषयों, राजस्व वसूली, रिकॉर्ड दुरुस्ती सहित अन्य बिंदुओं पर प्रगति का जायजा लिया।

# स्वीमिंग पुल निर्माण में भ्रष्टाचार के दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई . विधायक चिटनिस





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रशासनिक अमले में जनता के प्रति उत्तरदायी कर्तव्य भाव जागृत करने की दृष्टि से विगत एक वर्ष में लगातार प्रयासरत् होकर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने अपने बुरहानपुर के लिए वर्ष 2011 में शिक्षा विभाग से स्वीकृत कराए गए स्वीमिंग पुल निर्माण की राशि के दुरूपयोग को लेकर जांच कराई। फिर विधानसभा के माध्यम से 31 जुलाई 2025 को इस मामले में तीन आयुक्त और तीन इंजीनियर सहित ठेकेदार पर बड़ी कार्यवाही कराते हुए स्वीमिंग पुल की मरम्मत हेतु खर्च होने वाली राशि ठेकेदार से वसूली के आदेश प्रसारित कराए।

श्रीमती चिटनिस ने मध्यप्रदेश विधानसभा में पहले ध्यानाकर्षण के माध्यम से फिर तारांकित विधानसभा प्रश्न के माध्यम से बुरहानपुर में स्विमिंग पुल में गड़बड़ी का मामला उठाया। करीब 8 वर्ष पूर्व डेढ़ करोड़ रुपए की लगत से नगर निगम द्वारा रेणुका उद्यान के समीप निर्मित किए गए स्वीमिंग पुल में भ्रष्टाचार को लेकर 2017 से तत्कालीन नगर निगम के पदाधिकारियों का ध्यानार्षकण किया। तदुपरांत 2018 से 2023 का कार्यकाल विभिन्न त्रासदियों में बीता। फिर 2024 से श्रीमती चिटनिस को जनादेश मिलने के बाद इस जनोपयोगी निर्माण में हुई गड़बड़ी के मामले में जांच समिति गठित कराकर कार्यवाही सुनिश्चित की जिसके फ्लस्वरूप 31 जुलाई 2025 को विधानसभा के पटल पर श्रीमती चिटनिस के प्रश्नोत्तर में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि स्वीमिंग पुल निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर शासन द्वारा तत्कालीन आयुक्त और इंजीनियर्स सहित ठेकेदार पर बड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसमें इस कार्य के लिए ज़िम्मेदार तत्कालीन नगर निगम आयुक्त सुरेश कुमार रैवाल एवं ठेकेदार भूपेन्द्र चौहान के विरुध्द एफआई आर दर्ज करने और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के साथ स्वीमिंग पूल की मरम्मत कार्य में लगने वाली धनराशि की वसूली ठेकेदार से करने के निर्देश जारी किए हैं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बीआरजीएफ योजना के तहत स्कूली शिक्षा विभाग और निकाय निधि से करीब डेढ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से वर्ष 2015.16 में नगर निगम द्वारा निर्मित इस स्वीमिंग पुल का जनता हेतु एक दिन भी कोई उपयोग नहीं हुआ। क्योंकि स्वीमिंग पुल निर्माण में गड़बड़ी हुई साथ ही स्विमिंग पुल का निर्माण स्थल चयन भी गलत रहा। चूंकि जहां निर्माण किया गया है वहां पानी का कोई स्त्रोत ही नहीं है। सिर्फ इतना ही नहीं इस स्वीमिंग पुल में पानी ठहरता ही नहीं है। इस वजह से इसे भर पाना संभव नहीं है। तत्कालीन जिम्मेदारों ने यह तक नहीं सोचा कि जिस स्थान पर पानी का स्रोत ही नहीं वहाँ पर स्वीमिंग पूल बनाने का क्या औचित्य है और स्विमिंग पुल के टैंक में पानी ठहर ही नहीं रहा है तो उसका उपयोग होगा कैसे।

#### इन अधिकारी एवं कर्मचारीयों पर कार्यवाही

वर्ष 2015 में तत्कालीन नगर निगम आयुक्त सुरेश रैवाल, भगवानदास भुमरकर एवं इंजीनियर्स सगीर अहमद, अनिल गंगराड़े व अशोक पाटिल पर विभागीय कार्रवाई सहित ठेकेदार भुपेन्द्र चौहान को ब्लैक लिस्ट करते हुए उनका पंजीयन दो साल के लिए निलंबित करने और मरम्मत कार्य में होने वाले व्यय की वसूली सहित उनके विरूद्ध पुलिस एफआईआर दर्ज कराने हेतु प्रदेश शासन द्वारा स्थानीय प्रशासन को निर्देश जारी किए गए है।

अपने बुरहानपुर जिले में विकास कार्यों में लापरवाही करने वाले निर्माण एजेंसी और शासकीय अधिकारियों को कड़ा संदेश देते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने राज्य शासन से इस सख्त कार्रवाई के आदेश जारी करवाकर शासकीय मशीनरी को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जनोपयोगी कार्यों में किसी तरह की लापरवाही व शासकीय धन के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## विभागीय भ्रष्टाचार त्रस्त दिव्यांग कर्मचारी ने जनसुनवाई में की आत्मदाह की कोशिश



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक नेत्रहीन दिव्यांग कर्मचारी ने अपने बैग से पेट्रोल की बोतल निकाली और खुद पर उड़ेल ली। इससे सभागृह में हड़कंप मच गया। अधिकारी कुछ समझ पाते उससे पहले ही उसने माचिस निकालने की कोशिश की। लेकिन समय रहते उसके साथ आए व्यक्ति और मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया। नेत्रहीन कर्मचारी सामाजिक न्याय विभाग के जिला पुनर्वास केंद्र में मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर के पद पर कार्यरत है। उसने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में गंभीर आरोप लगाए हैं।

नेत्रहीन दिव्यांग मुकेश डहरीया का कहना था कि विभाग में सीनियर साइकोलॉजिस्ट, प्रशासनिक अधिकारी जैसे पदों पर फर्जी तरीके से नियुक्तियां की गईं। अप्रैल में शिकायत के बाद जांच समिति बनी, लेकिन अब तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। आरोप लगाने पर उसे कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया अशोभनीय आचरण का आरोप लगा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। नेत्रहीन दिव्यांग का कहना था कि सच बोलने की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी तो भी मंजूर है। मैं न्याय चाहता हूं।

डिप्टी कलेक्टर पल्लवी पुराणिक ने दिव्यांग कर्मचारी से लंबी बातचीत की। उन्होंने कहा मैं समझती हूं कि आपने बहुत सहा है, लेकिन यह रास्ता गलत है। जांच जारी है, हमें प्रक्रिया का सम्मान करना होगा। वही सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक दुर्गेश दुबे ने इन सभी आरोपों को नकारते हुए बयान दिया कि ये पूरी घटना पूर्वनियोजित है। तीन लोगों का गिरोह दिव्यांग कर्मचारी के कंधे पर बंदूक रखकर विभाग को बदनाम कर रहा है। अकेला आदमी इतने डॉक्युमेंट्स और ड्रामा नहीं कर सकता। इसके पीछे खंडवा और बालाघाट के कुछ लोग हैं। उनकी इस टिप्पणी ने मामले को और गरमा दिया है।

जनसुनवाई के दौरान एक अन्य कर्मचारी अनमोल मेश्राम ने भी उपसंचालक दुर्गेश दुबे पर गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि विभाग में शिकायतकर्ता कर्मचारियों को प्रताड़ित करने की सुनियोजित रणनीति चलाई जा रही है।

**जांच करके कार्यवासही करेगें:**- एडीएम वीर सिंह चौहान ने कहा कर्मचारी ने पूर्व में आवेदन देकर शिकायत की थी। आज जनसुनवाई के दौरान उसने खुद पर पेट्रोल छिड़का। हमने उसे बचाया। अब जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मंगलवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आगामी वर्ष में होने वाले विषयों पर चर्चा की गई।

वही कलेक्टर श्री सिंह ने आगामी प्रस्ताव को लेकर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। विद्यालय को शासन स्तर से प्राप्त राशि का सही मद अनुसार विकास कार्य एवं छात्र.छात्राओं के हित में उपयोग करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्राचार्य को निर्देशित किया कि कार्यो की मॉनिटरिंग की जाये। बैठक में प्राचार्य श्री शशिकांत तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कुलमखेड मलकापूर से ओकारेश्वर पैदल जा रहे 30 कावडीयो का जत्थे का स्वागत



**नवभारत न्यूज, ईच्छापूर।** कुलमखेड मलकापूर से ओकारेश्वर पैदल जा रहे 30 कावडीयो का जत्था भी ईच्छादेवी मंदिर पर पहुंचा। जहा सभी कावडीयो ने माता के दर्शन किए, इस मौके पर ग्राम के डॉ.रमाकांत पाटील द्वारा सभी कावडीयो का पुष्पहार से स्वागत किया। तत्पश्चात थोडा विश्राम कर भोजन किया.। इस मौके पर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य भागवतराव चौहान, विजय सपकाडे, सचिव महेश पोडोडीकार, सुशील पाटील, युवराज पवार सहीत ग्राम के गणमान्य मौजूद थे।

## श्रावणमास के दुसरे मंगलवार को श्री फुलवंती देवी माता की शोभा यात्रा निकली

**नवभारत न्यूज, ईच्छापूर।** प्रतिवर्षानुसार श्रावणमास के दुसरे मंगलवार को श्री फुलवंती देवी माता की शोभा यात्रा निकाली गई। जो ग्राम के प्रमुख मार्गो से गाजे बाजे के साथ निकली जगहदेवी माता मंदीर पर पहुंची जहा माता की आरती कर.प्रसाद का वितरण किया गया। फूलवंती देवी माता के मंदीर गया रात्री 8 बजे 41 में भजनो का कार्यक्रम हुवा।



## हर घर तिरंगा अभियान : रंगोलियां बना कर दिया संदेश




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिले में 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। यह अभियान सामूहिक उत्सव और नागरिक कर्तव्यों की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

अभियान में विभिन्न विभागों का अहम रोल है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावासों में छात्राओं ने रंग.बिरंगे रंगों के साथ आकर्षक रंगोलियां बना कर देश प्रेम का संदेश दिया। वही आदिवासी कन्या आश्रम चांदनी में भी उत्साह के साथ बालिकाओं ने रंगोली बनाई।

## निर्माणाधीन कार्य जल्द पूर्ण ओर अवैध अतिक्रमण शिकस्त मकान हटाने के दिए सख़्त निर्देश

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम के एम आई सी हॉल में नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने निगम के सभी विभागीय अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने कहा आगामी सी एम हेल्पलाइन की शिकायत समय सीमा में संतुष्टि पुर्ण निराकरण करे। सी एम हेल्पलाइन को लेकर आयुक्त सख्त दिखे सभी का जल्दी निराकरण करे। आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि शहर में पेंडिंग पड़े निर्माण कार्य को लेकर जल्दी से जल्द करने के निर्देश दिए। टीएल सहित जनसुनवाई, समाधान ऑनलाइन और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट कर तत्परतापूर्वक प्रकरण निराकृत करें।



निगम आयुक्त ने डोर टू डोर कचरा वाहन प्रभारी को कहा कि सभी वार्डो में समय पर वाहन जाना चाहिए उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल को निर्देश दिए आप स्वच्छता सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। स्वच्छता सर्वेक्षण के अन्तर्गत वार्डो मे किये जा रहे सफाई कार्य की समीक्षा की तथा सफाई कार्यो मे ओर अधिक कसावट लाने के निर्देश दिये गये। बैठक मे आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण वार्डो मे नालियो की प्रतिदिन सफाई हो अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए सभी अधिकारियो को प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण करे कोई भी लंबित प्रकरण पेंडिंग नही होना चाहिए। निगम आयुक्त ने 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस की तैयारीयो को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा कर तैयारी करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त ने शहरी आजीविका मिशन एनयुएलएम के अधिकारी तथा निगम के विभागीय अधिकारीयो को निर्देशित करते हुए कहा कि मप्र में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा, इसके लिए सभी को तैयारी करने के लिए निर्देशित किया गया है।

पीएमएव्हाय योजना का जिन लोगों ने लाभ लिया है तथा मकान निर्माण नहीं किया है उन लोगों को ऊपर कारवाई करें उनसे वसूली कर कानूनी कार्रवाई की जाए। पेंशन प्रकरण संबल कार्ड ई केवाईसी के बारे में भी विस्तर जानकारी ली गई निगम आयुक्त ने अंधोंसंरचना विकास कार्य अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी ली गई सभी इंजीनियर को नगरी निकाय क्षेत्र में जर्जर मकानो को गिराने के निर्देश भी दिए गए।

**संस्थापन एवं सम्मान** | लायंस क्लब बुरहानपुर के सत्र 2025-26 की नवगठित कार्यकारिणी का संस्थापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

## लायन मुकेष देवड़ा अध्यक्ष एवं लायन पुष्पा मूंदडा लायंस क्लब बुरहानपुर की पुन : बनी कोषाध्यक्ष




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** दी इंटरनेशनल लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी1 के अंतर्गत लायंस क्लब बुरहानपुर के सत्र 2025-26 की नवगठित कार्यकारिणी का संस्थापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन सेवासदन महाविद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व संस्थापन अधिकारी के रूप में लायन कुलभूषण मित्तल (पीएमसीसी एवं जीएटी वाइस एरिया लीडर), विशिष्ट अतिथि के रूप में बुरहानपुर के लोकप्रिय विधायक लायन ठा. सुरेन्द्रसिंह (शेरा भैय्या) एवं लायन डा. आय. एल. मूंदडा (पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) तथा विषेष अतिथि के रूप में लायन राजीव मालवीय (रीजन चेयरमेन), लायन साधना मित्तल (पूर्व रीजन चेयरपमेन) एवं झोन लायन प्रेरणा दुबे (झोन चेयरमेन) की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब के संस्थापक लायन मेल्विन जोंस के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन मुकेश देवड़ा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया अतिथियों का अभिनंदन किया एवं उनके कार्यकाल की उपलब्धियों एवं सेवा गतिविधियों के उत्कृष्ट सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही लायंस क्लब की सेवा गतिविधियों में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वाले लायन साथियों व अन्य साथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि एवं संस्थापन अधिकारी लायन कुलभूषण मित्तल जी द्वारा सत्र 2025-26 की कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें लायन मुकेश देवडा को लायंस क्लब बुरहानपुर का पुनः अध्यक्ष मनोनित किया गया साथ ही प्रथम उपाध्यक्ष लायन तारिका वीरेन्द्रसिंह जी ठाकुर, सचिव लायन ऐजाज गफ्फार खान, व कोषाध्यक्ष के रूप में पुनः लायन पुष्पा मूंदडा को कार्यभार सौपा गया। संस्थापन अधिकारी द्वारा पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्यों व 04 नये सदस्यों को हाथो अक्षद (चावल) रख कर आध्यात्मिक रूप से शपथ दिलाई गई एवं कलष भेट कर सम्मानित किया गया। साथ ही नवागत पदाधिकारियों को अपने कर्त्तव्य से अवगत कराया।

लायन डॉ. आय.एल मूंदडा जी ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि लायंस क्लब द्वारा विगत वर्ष आयोजित की गई सेवा गतिविधियों की सराहना की एवं इसी प्रकार सेवा कार्य करने हेतु प्रेरित कर शुभकामनाएं दी।

लायंस क्लब, बुरहानपुर अध्यक्ष लायन मुकेष देवडा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पुनः लायंस क्लब, बुरहानपुर का अध्यक्ष का कार्यभार सौपा गया है और मैं आष्वस्त करता हूं कि क्लब के माध्यम से हम जनमानस हेतु सेवाकार्य करने का अवसर प्रदान किया है और सत्र 2025-26 में आयोजित की जाने सेवा गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया और लायंस क्लब का नाम घर-घर तक पहुंचे ऐसे सद्प्रयासों के बारे भी बताया।

इस दौरान पीएमजेएफ लायन सतीष अग्रवाल, एमजेएफ लायन ओमप्रकाष पारीक, एमजेएफ लायन मीना चौहान, लायन आजम राही, एमजेएफलायन डॉ. एस.एम. तारिक, एमजेएफ लायन डॉ. हुमायु शरीफ दाउद, लायन ठाकुर आदित्यवीरसिंह, लायन के.डी. पटेल, लायन हसमुखलाल जरीवाला, लायन मनीष पटेल, लायन सुनील मूंदडा, लायन राज खण्डेलवाल, लायन डॉ. रोहिण पाटीदार, लायन केतन शाह, लायन डॉ. सुशील माहेश्वरी, लायन महेश बडे, लायन पीयुष जैन, लायन प्रदीप मित्तल, लायन प्रमोद भण्डारी सहित शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री भरत रावल द्वारा किया गया एवं आभार लायन डॉ. एस.एम. तारिक ने व्यक्त किया।